



# भर्रा में बारह वर्षों से अधर में स्कूल भवन

## एनएच-39 विस्तार में तोड़े गए थे कमरे, अब तक नहीं हुआ पुनर्निर्माण, दो सौ बच्चे तीन कमरों में ठुंसे, शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 25 मार्च। सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे-39 के विस्तार कार्य के दौरान की गई लापरवाही का खामियाजा आज भी मासूम बच्चे भुगत रहे हैं। मामला शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भर्रा का है, जहां करीब 12 वर्षों पूर्व सड़क चौड़ीकरण के दौरान विद्यालय के तीन कमरे, एक बरामदा और बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया था। उस समय निर्माण एजेंसी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि शीघ्र ही नए भवन और बाउंड्री का निर्माण करा दिया जाएगा, लेकिन आज तक यह वादा केवल कागजों में ही सिमटकर रह गया है।**



बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान गैमन इंडिया की सहयोगी संविदा कंपनी टेक्नो यूनिक ने स्कूल भवन के हिस्से को ध्वस्त किया था। नियमानुसार उक्त भवन और बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण एमपीआरडीसी को कराना था, लेकिन 12 साल बीत जाने के बाद भी न तो भवन बना और न ही बाउंड्री वॉल का निर्माण हुआ। वर्तमान स्थिति यह है कि कक्षा 1 से 8वीं तक के करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राएं महज तीन कमरों और एक बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। एक ही जगह पर अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को बैठाना शिक्षा की गुणवत्ता पर सीधा प्रहार है। यह हाल केवल असुविधा नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है। वहीं बाउंड्री वॉल न होने से विद्यालय परिसर पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। रात के समय यहां मवेशियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे परिसर गंदगी से भर जाता है। सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचते हैं, तो उन्हें पढ़ाई से पहले गंदगी का सामना करना पड़ता है। यह दृश्य न केवल शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है, बल्कि जिम्मेदारों की संवेदनहीनता को भी उजागर करता है।

### ग्रामीणों ने सांसद से लेकर मंत्री तक पर उठाया सवाल

भर्रा गांव निवासी कई ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया है और कहा है कि इस गंभीर मसले में किसी का भी ध्यान नही है। जबकि इसके बारे में सांसद, विधायक एवं मंत्री तक वाकिफ हैं। इसके बावजूद राशि उपलब्ध कराने के लिए सार्थक प्रयास नही किया। प्रभारी मंत्री के बारे में कहा कि उनसे कोई लेना-देना नही है। सिंगरौली में उनका दौरा किन कारणों से होता है, वह जग जाहिर है। वहीं यह भी कहना है कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी जिम्मेदार विभागों की चुप्पी यह दर्शाती है कि बच्चों के भविष्य की किसी को चिंता नहीं है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान देगा या फिर इसी तरह आंखें मूंदे बैठा रहेगा। आखिर कब तक मासूम बच्चे बदहाल व्यवस्था में पढ़ाई करने को मजबूर रहेंगे। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि तत्काल हस्तक्षेप की मांग भी करती है।

### दो ठेकेदार बदले, तीसरे की बारी, नहीं बना भवन

गौरतलब है कि एनएच-39 के निर्माण में अब तक दो ठेकेदार बदल चुके हैं और तीसरे ठेकेदार का सड़क का काम भी अभी तक अधूरा है। हर बार नए वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। सवाल उठता है कि जब सड़क का काम पूरा नहीं हो पाया, तो क्या स्कूल भवन का निर्माण प्राथमिकता में नहीं था। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार पत्राचार किया गया। ग्राम पंचायत कदुआ के सरपंच ने भी कई बार प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। पंचायत का कहना है कि उनके पास इतने बड़े निर्माण कार्य के लिए बजट नहीं है और यह जिम्मेदारी एमपीआरडीसी की है, लेकिन संबंधित एजेंसी द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। पूरे मामले में शासन और प्रशासन की उदासीनता साफ नजर आ रही है।

### इनका कहना :-

स्कूल भवन निर्माण के लिए लगातार कई बार पत्राचार किया गया, यहां तक कि भोपाल भी पत्र दिया गया। जिला अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, परंतु राशि आवंटन नही हुआ। जिसके चलते छात्रों एवं शिक्षको को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**आशीष कुमार गुप्ता**
सरपंच, ग्राम पंचायत करथुआ



# हनुमान मंदिर में हुई चोरी का खुलासा होने पर पुलिस का हुआ सम्मान

## पुजारी एवं अन्य ने डीआईजी का जताया आभार

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 25 मार्च। विंध्यनगर स्थित हनुमान मंदिर में विगत माह फरवरी में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि के समय मंदिर से हनुमान जी का चांदी का गदा, चांदी का मुकुट एवं दानपात्र में रखी नगदी चोरी कर ली गई थी, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया था।**

थाना विंध्यनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले की गंभीरता से जांच की और 24 मार्च को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए सम्पूर्ण चोरी गया सामान बरामद कर लिया। साथ ही इस मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में संतोष का माहौल है। थाना विंध्यनगर क्षेत्र की आम जनता एवं हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा जोन रीवा हेमंत चौहान से मुलाकात की।

# ऐश डाइक प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 25 मार्च। एनटीपीसी विंध्याचल में उमंग भवन सभागार में स्मार्ट ऐश डाइक मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, सेफ्टी एवं सस्टेनेबिलिटी का समन्वय विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।**




यह कार्यशाला सीसीओएस द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों, विभिन्न स्टेशनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के जानकारों ने भाग लेकर सुरक्षित, सतत एवं तकनीक आधारित प्रबंधन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिद्या नंद झा कार्यकारी निदेशक द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर एजे राजकुमार महाप्रबंधक विंध्याचल, सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक सिंगरौली, प्रणय कुमार नायक महाप्रबंधक रिहंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया।

# तीन दशक से बदहाली का शिकार उत्कृष्ट विद्यालय का खेल मैदान

## एक ओर बैठने की व्यवस्था, तीन तरफ अव्यवस्थाएं राजस्व अमले की उदासीनता से बदहाल हुआ इकलौता खेल मैदान

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 25 मार्च। स्थानीय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय का स्टेडियम इन दिनों अतिक्रमण और अव्यवस्था की मार झेल रहा है। क्षेत्र का इकलौता स्टेडियम होने के बावजूद इसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है।**



खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए बने इस मैदान पर अब अतिक्रमणकारियों की नजरें जम गई है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देने से बचते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार स्टेडियम के केवल एक हिस्से में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जबकि शेष तीन ओर न तो कोई सुरक्षा इंतजाम है और न ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर प्रतियोगिताओं के दौरान अव्यवस्था और अधिक बढ़ जाती है। कुछ लोगों द्वारा आसपास की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, जिससे मैदान का क्षेत्रफल सिकुड़ता जा रहा है। जबकि इस मैदान में सभी प्रकार के शास.एवं अशास. कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, फिर भी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मैदान की दुर्दशा नजर नही आती है।

### नगर का इकलौता स्टेडियम दुर्दशा का शिकार

स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को उचित मंच नहीं मिल पा रहा है। खेल से जुड़े युवाओं का कहना है कि यदि स्टेडियम को अतिक्रमण मुक्त कर आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं, तो यहां से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकल सकते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में मैदान की दुर्दशा उनके उत्साह को कम कर रही है। खेल प्रेमी ने प्रशासन से मांग की है कि स्टेडियम को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और चारों ओर समुचित बैठने व सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक चितरंगी के इस इकलौते स्टेडियम को उसकी खोई पहचान वापस मिल पाती है।





अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/06/25